**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**
**सत्र 2025-26**
**अभ्यास कार्य पत्र (1)**

**कक्षा छठी**
**विषयः हिंदी**
**प्र०1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**
मानव जीवन के लिए जिस प्रकार भोजन, नींद और श्वास लेना आवश्यक है,उसी प्रकार जीवन को स्वस्थ, सुंदर और सक्रिय रखने के लिए मनोरंजन भी आवश्यक है। मनोरंजन का स्तर कुछ भी हो सकता है। मनोरंजन स्वास्थ्य एंव सौंदर्य बोध के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। जिस प्रकार ढंग से पका हुआ भोजन व स्वस्थ वातावरण शरीर को स्वस्थ रखता है उसी प्रकार मनोरंजन के अच्छे साधन मन और मस्तिष्क का उचित विकास करते हैं। नाटक, सिनेमा, घूमना, खेलना आदि ये सभी मनोरंजन के अच्छे साधन हैं।

**1) मन और मस्तिष्क का उचित विकास किस प्रकार होता है?**
क) फल खाने से　　　　ख) देर तक आराम करने से
ग) मनोरंजन के अच्छे साधनों से　　　　घ) कार्यशील रहने से
**2) मनोरंजन से मनुष्य को क्या लाभ होता है?**
क) आध्यात्मिक विकास　　　　ख) बौद्धिक और मानसिक विकास
ग) जीवनशैली में विकास　　　　घ) शारीरिक विकास
**3) ऊर्पयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है-**
क) स्वास्थ्य　　　　ख) मनोरंजन के लाभ
ग) मानसिक विकास　　　　घ) मानवता
**4) मनोरंजन के किन्हीं दो साधनों के नाम लिखें।**
**5) जीवन को स्वस्थ सुंदर और सक्रिय रखने के लिए क्या आवश्यक है?**

**प्र०2) आशय स्पष्ट कीजिए:-**
ऊँचा खड़ा हिमालय आकाश चूमता है।

**प्र०3) निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए:-**
i) मौखिक भाषा किसे कहते हैं?
ii) क) आँख　　ख) इच्छा　　(पर्यायवाची शब्द लिखिए। )
iii) क) आदर　　ख) अभिमान　　(विलोम शब्द लिखिए।)
iv) क) ओर/ और　　ख) कुल/कूल　　(समरूपी भिन्नार्थक शब्द लिखिए।)

**प्र०4) दिए गए प्रश्न के उत्तर लिखिए।**
क) हिमालय और हिंद महासागर के बारे में कवि ने क्या कहा है?
ख) कवि ने जन्म भूमि को पुण्य भूमि कहकर क्यों संबोधित किया है?
ग) राजा दशरथ के कितने पुत्र थे? उनके नाम लिखिए।

**प्र०5) निम्नलिखित संकेत बिंदु के आधार पर 40 से 50 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए-**

**विद्यार्थी जीवन में खेलकूद का महत्त्व**

**संकेत बिंदु:-**
- शारीरिक स्वास्थ्य
- मानसिक तनाव कम करना
- आत्मविश्वास
- एकाग्रता बढ़ाना